विभागों में समन्वय नहीं होने से जलप्रदाय के समय कट रही बिजली, लोग परेशान

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर : नगरीय क्षेत्र में प्री-मानसून की बारिश के बावजूद गंभीर जलसंकट पैदा हो गया है। सरकारी विभागों के बीच समन्वय की कमी के कारण शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आलम यह है कि जब नलों में पानी सप्लाई का समय होता है, तब बिजली गुल हो जाती है और बिजली आने पर पानी नहीं आता। पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे लोग अब 500 रुपए देकर निजी टैंकर मंगवाने को मजबूर हैं।

नगर पालिका प्रशासन ने शहर में एक दिन छोड़कर पानी सप्लाई करने का दावा किया था, जो पूरी तरह से खोखला साबित हुआ है। कागजों में भले ही नियमित जल आपूर्ति दर्ज की जा रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। नागरिक घंटों खाली बर्तन लेकर पानी का इंतजार करते हैं, लेकिन नलों से पानी नहीं आता। बिजली और जल प्रदाय विभागों के बीच तालमेल के अभाव ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। इस कुप्रबंधन के कारण शहरवासियों में प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है।

मेंटेनेंस के नाम पर कटौती, फिर भी व्यवस्था फेल: बिजली कंपनी की कार्यप्रणाली पर भी नागरिक गंभीर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि हर साल मानसून से पहले 'रखरखाव' (मेंटेनेंस) के नाम पर घंटों अघोषित बिजली कटौती की जाती है। इसके बावजूद, पहली बारिश होते ही शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। बिजली और जल प्रदाय विभाग के बीच तालमेल न होना प्रशासनिक स्तर पर एक बड़ी विफलता साबित हो रहा है। लगातार पानी और बिजली की समस्या झेल रहे नागरिकों के सब्र का बांध अब टूटने लगा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर संकट का तत्काल और स्थायी समाधान निकाला जाए। नागरिकों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जल आपूर्ति और बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो आम जनता सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी।

निजी टैंकर वसूल रहे 500 रुपए तक

शहर में जलसंकट गहराने के कारण निजी पानी टैंकरों की मांग अचानक बढ़ गई है। इसका फायदा उठाते हुए निजी टैंकर संचालक मनमाने दाम वसूल रहे हैं और आम जनता को एक टैंकर पानी के लिए 500 रुपए तक चुकाने पड़ रहे हैं। पानी खरीदकर पीने की मजबूरी ने आम जनता पर आर्थिक बोझ काफी बढ़ा दिया है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की नाकामी का सीधा खामियाजा उनकी जेब पर पड़ रहा है।

पेट्रोल पंप संचालकों ने सौंपा ज्ञापन

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः पेट्रोल पम्प संचालकों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर जसवीर सिंह खनूजा बीडीएस फ्यूल संचालक के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा, जिसमें बताया गया कि इछावर थाना क्षेत्र के लखमीचंद पेट्रोल पंप पर 8 जून की रात को आरोपी गोलू वर्मा निवासी ग्राम नीलकण्ठ भैरूंदा और उसके साथियों द्वारा पेट्रोल पंप स्टाफ महेन्द्र ठाकुर पर चाकू से प्राणघातक हमला किया गया। इस संबंध में इछावर थाने में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मामला भी दर्ज किया गया है।

इस घटना से पूरे क्षेत्र के व्यापारियों और पेट्रोल पंप संचालकों में गहरा रोष और आसुरक्षा की भावना व्याप्त है। जनता को निर्बाध रूप से आवश्यक सेवाएं देने वाले केंद्रों पर यदि कर्मचारी ही सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो भविष्य में इन सेवाओं को जारी रख पाना बेहद कठिन होगा। पुलिस प्रशासन से मांग की गई है कि उक्त प्रकरण के मुख्य आरोपी गोलू वर्मा तथा उसके साथ आए अन्य अज्ञात बदमाशों को अविलंब गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाए। सीहोर जिले के मुख्य मार्गों तथा पेट्रोल पंपों के आसपास पुलिस की रात्रि गश्त (नाईट पेट्रोलिंग) को अनिवार्य रूप से बढ़ाया जाए जिससे अपराधियों में खौफ पैदा हो सके। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से पाटीदार फ्यूल्स, एमएच फ्यूल्स, प्रज्ञा फ्यूल्स, पटेल फिलिंग स्टेशन, बीडीएस फ्यूल्स, जगदीश फ्यूल्स, महेंद्र सिंह फिलिंग स्टेशन, राजा फ्यूल्स, ताहिर फ्यूल्स, त्रिमूर्ति फ्यूल्स, जाट ऑटो सर्विस, शिवा फ्यूल्स, यादव फ्यूल्स सहित सीहोर जिले के सीहोर जिले के समस्त भारत पैट्रोलियम डीलर शामिल थे।

खास-खबरें

राष्ट्र जागरण में संतो का बड़ा योगदान:अरुण

नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः विश्व हिंदू परिषद मध्य भारत प्रांत का 10-दिवसीय शिक्षा वर्ग जारी है। विहिप के कार्यकर्ताओं के बौद्धिक, शारीरिक विकास हेतु विभिन्न सत्रों-वर्ग में परिषद के केंद्रीय पदाधिकारी केंद्रीय सह-संगठन महामंत्री विनायक राव देशपाण्डे, केंद्रीय मंत्री अखिल भारतीय सेवा प्रमुख अजेय पारीक, केंद्रीय सहमंत्री आनंद प्रकाश गोयल, केंद्रीय मंत्री, मंदिर अर्चक पुरोहित संपर्क प्रमुख अरुण नेटके प्रांत संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह चैहान, प्रांत मंत्री नवल भदौरिया सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। वर्ग में अखिल भारतीय मंदिर अर्चक पुरोहित संपर्क प्रमुख अरुण नेटके ने विहिप को भारत राष्ट्र के जागरण में संतो के योगदान के विषय पर जानकारी दी। 'उन्होंने कहा कि भारत में महान संत परंपरा रही है, जिन्होंने हर कालखंड में समाज और राष्ट्र का जागरण कर उसे उचित दिशा दी।

गैस एजेंसी में 40 हजार का सामान लेकर फरार हुआ चोर

नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरुंदाः नगर की हरि सिटी कॉलोनी स्थित एक गैस एजेंसी कार्यालय में दिनदहाड़े चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोर ने कार्यालय में आराम कर रहे गैस एजेंसी संचालक की जेब से 10 हजार रुपये नकद और करीब 30 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। मामले की शिकायत थाना भैरुंदा में दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार गो गैस एजेंसी के संचालक सपनेश यादव शनिवार दोपहर करीब 2 बजे कार्यालय में विश्राम कर रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति कार्यालय में घुसा और उनकी शर्ट की जेब में रखे 10 हजार रुपये निकाल लिए। इसके बाद सिरहाने रखा विवो कंपनी का मोबाइल फोन भी लेकर फरार हो गया। पीड़ित सपनेश यादव ने बताया कि चोरी हुआ मोबाइल उनके व्यवसाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था, क्योंकि ग्राहकों से संपर्क और अधिकांश व्यावसायिक कार्य उसी के माध्यम से संचालित होते थे। नींद खुलने पर नकदी और मोबाइल गायब मिलने से उन्हें चोरी का पता चला, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

चारधाम यात्रा से लौटे भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा का भव्य स्वागत

नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा के चारधाम यात्रा से लौटने पर शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। जिले भर से पहुंचे भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शॉल, श्रीफल और पुष्पहार भेंट कर उनका अभिनंदन किया। राकेश शर्मा हाल ही में 10 दिवसीय चारधाम यात्रा पूरी कर रायसेन लौटे हैं। यात्रा के दौरान उन्होंने यमुनोत्री धाम, गंगोत्री धाम, केदारनाथ धाम तथा बद्रीनाथ धाम के दर्शन किए। स्वागत समारोह के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी सफल एवं मंगलमय तीर्थ यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राकेश शर्मा ने चारधाम यात्रा के दौरान प्राप्त आध्यात्मिक अनुभवों और धार्मिक संस्मरणों को कार्यकर्ताओं के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि तीर्थ यात्रा आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का महत्वपूर्ण माध्यम है।

मंत्री परमार की उपस्थिति में जमधड़ नदी में श्रमदान एवं गहरीकरण कार्य किया

नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार की उपस्थिति में शुजालपुर स्थित जमधड़ नदी में शुद्धिकरण एवं गहरीकरण का कार्य किया गया। मंत्री श्री परमार ने अभियान के तहत नदी के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया तथा स्वयं श्रमदान कर जनभागीदारी का संदेश दिया। इस दौरान यहां उन्होंने पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने भी श्रमदान करते हुए नदी के शुद्धिकरण एवं गहरीकरण कार्य में सहभागिता की। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर श्री राजकुमार हलदर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

कुकिंग प्रतियोगिता में महिला रसोइयों ने दिखाई पाक कला

नईदुनिया प्रतिनिधि, चंदेरीः शासकीय विद्यालयों में संचालित प्रधानमंत्री शक्ति पोषण निर्माण योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तर पर जनपद पंचायत चंदेरी एवं जनपद शिक्षा केंद्र चंदेरी के संयुक्त तत्वावधान में कुक कम हेल्पर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मध्याह्न भोजन तैयार करने वाली महिला स्व-सहायता समूहों की रसोइयों ने अपनी पाक कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में मध्याह्न भोजन व्यवस्था से जुड़ी 44 महिला स्व-सहायता समूहों की रसोइयों ने भाग लिया। निर्धारित मापदंडों के आधार पर निर्णायक मंडल ने प्रथम स्थान के लिए एक समूह, द्वितीय स्थान के लिए दो समूह तथा तृतीय स्थान के लिए तीन समूहों का चयन किया।कार्यक्रम के दौरान नायब तहसीलदार सुश्री हिमांशी गुप्ता, जनपद पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी माहौर, बीईओ डॉ. सुरभि जैन, बीआर सीसी वेद प्रकाश गोयल, मध्याह्न भोजन शाखा प्रभारी रवि चतुर्वेदी, उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रकाश राय, राजस्व निरीक्षक पुरोहित, बीएसी कमलेश चिढ़ार, धर्मपाल सिंह बुंदेला, सीएसी राकेश दोहरे, रमेश बिटोरिया, बलराम, कैलाश कोली, लेखपाल एन.एस. कलावत तथा एनआरएलएम शाखा के अमर सिंह आदि उपस्थित रहे।

कंप्यूटर टाइपिंग शुल्क बढ़ाने पर वकीलों ने जताया विरोध

गंजबासौदा। न्यायालय परिसर स्थित अभिभाषक संघ कक्ष में कार्यरत कंप्यूटर टाइपिस्टों द्वारा टाइपिंग शुल्क में अचानक वृद्धि किए जाने पर अधिवक्ताओं ने विरोध दर्ज कराया है। इस संबंध में अधिवक्ताओं ने अभिभाषक संघ अध्यक्ष अमान सिंह राजपूत को ज्ञापन सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की है। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने बताया कि अब तक टाइपिंग का शुल्क 20 रुपये प्रति पृष्ठ लिया जाता था, लेकिन बिना किसी पूर्व सूचना के इसे बढ़ाकर 30 रुपये प्रति पृष्ठ कर दिया गया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि इससे न केवल वकीलों बल्कि न्यायालय आने वाले पक्षकारों पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार जब टाइपिस्टों से पुरानी दरों पर कार्य करने का अनुरोध किया गया तो उन्होंने यूनियन का हवाला देते हुए टाइपिंग करने से इनकार कर दिया। अधिवक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ टाइपिस्टों का व्यवहार पक्षकारों के प्रति संतोषजनक नहीं है और कई बार विवाद की स्थिति भी बन जाती है।

कुप्पों में डीजल बिक्री पर उठे सवाल सुरक्षा नियमों के पालन की मांग

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः नगर में एक पेट्रोल पंप पर कथित रूप से कुप्पों और प्लास्टिक के डिब्बों में डीजल बिक्री किए जाने को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं। नागरिकों ने आरोप लगाया है कि सुरक्षा संबंधी निर्देशों और प्रशासनिक नियमों के बावजूद खुलेआम बड़ी मात्रा में डीजल का वितरण किया जा रहा है, जिससे किसी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार शनिवार को एक पेट्रोल पंप पर डीजल लेने वालों की भीड़ देखी गई। आरोप है कि वाहनों के अलावा बड़ी संख्या में कुप्पों और डिब्बों में भी डीजल भरा गया। नागरिकों का कहना है कि पेट्रोलियम पदार्थों की बिक्री और भंडारण को लेकर सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

क्षेत्रवासियों ने चिंता जताई कि पेट्रोल पंप घनी आबादी वाले

इलाके में स्थित है। ऐसे में यदि ज्वलनशील पदार्थों का असुरक्षित तरीके से भंडारण या परिवहन किया जाता है तो इससे दुर्घटना का खतरा बढ़ सकता है। लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ किसानों को डीजल की आवश्यकता बढ़ जाती है। ऐसे में बड़ी मात्रा में डीजल की खरीद और भंडारण को लेकर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

इस संबंध में संबंधित पेट्रोल पंप प्रबंधन का पक्ष समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका। वहीं प्रशासन की ओर से भी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। नागरिकों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए तथा यदि नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

खेत बचाओ अभियान के तहत कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः कृषि विज्ञान केंद्र, रायसेन एवं दलहन विकास निदेशालय, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड सांची के ग्राम मढ़वई और ऊंचेर में खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा उन्नत कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में दलहन विकास निदेशालय के निदेशक डॉ. महेश कुमार, तकनीकी अधिकारी आर.एन. अहिरवार, कृषि विज्ञान केंद्र रायसेन के वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सी.एल. अहिरवार उपस्थित रहे।

किसानों को संबोधित करते हुए डॉ. महेश कुमार ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य मिट्टी की सेहत में सुधार, उत्पादन लागत में कमी तथा मिट्टी परीक्षण के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जैसी योजनाओं से जुड़ने के लिए भी प्रेरित किया।

कार्यक्रम में खरीफ मौसम की दलहनी फसलों की उन्नत किस्मों की जानकारी दी गई। किसानों को उड़द की आईपीयू-13-01, आईपीयू-10-26 और आईपीयू-17-01, मूंग की आईपीएम-205-7 एवं शिखा तथा अरहर की आईपीए-15-06, राजेश्वरी और राजीव लोचन किस्मों की विशेषताओं से अवगत कराया गया। वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी ने किसानों को प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार मिट्टी की जांच कराने की सलाह दी। उन्होंने मिट्टी का नमूना लेने की वैज्ञानिक विधि और आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। साथ ही खेत की तैयारी के दौरान प्रति हेक्टेयर 2 से 4 टन गोबर खाद के उपयोग तथा धान्य फसलों में एजेटोबैक्टर और दलहनी फसलों में राइजोबियम कल्चर के प्रयोग पर जोर दिया।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सी.एल. अहिरवार ने ई-टोकन वितरण प्रणाली की जानकारी देते हुए किसानों को फार्मर आईडी के माध्यम से खाद प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई।

पोस्ट ऑफिस में बिजली गुल होने से कामकाज ठप

गंजबासौदा। नगर के पोस्ट ऑफिस में बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण गुरुवार को कई घंटे तक कामकाज प्रभावित रहा। बिजली नहीं होने से काउंटरों पर लेन-देन और अन्य सेवाएं ठप हो गईं, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग अपना काम कराए बिना ही वापस लौट गए। जानकारी के अनुसार सुबह पोस्ट ऑफिस खुलने के बाद बड़ी संख्या में लोग विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान बिजली आपूर्ति बंद हो गई, जिससे कंप्यूटर आधारित सभी सेवाएं रुक गईं। उपभोक्ताओं को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा, लेकिन काम शुरू नहीं हो सका। कर्मचारियों ने बताया कि कार्यालय में बैकअप के लिए जनरेटर उपलब्ध है, लेकिन वह लंबे समय से खराब पड़ा हुआ है। जनरेटर चालू नहीं होने के कारण बिजली कटौती के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं हो सकी। बताया गया कि जनरेटर की मरम्मत के लिए करीब 40 हजार रुपये की आवश्यकता है और इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भेजी जा चुकी है।

रसोइयों को दिए स्वच्छता और पोषण के प्रशिक्षण

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः स्कूलों में बच्चों को परोसे जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जन शिक्षा केंद्र स्तर पर रसोइयों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जन शिक्षा केंद्र बाला गांव, वासुदेव और गोपालपुर में आयोजित प्रशिक्षण में संबंधित केंद्रों के सभी रसोइयों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीआरसीसी विजय सिंह पवार, मध्यान्ह भोजन प्रभारी भीम सिंह कीर, बीएसी विजय कुमार बजाज, दिनेश शर्मा तथा जन शिक्षक तरुण राज चौहान, महेश सिंह राजपूत, राजेश गौड़ और जीवन सिंह मेहरा उपस्थित रहे। उन्होंने रसोइयों को भोजन निर्माण, स्वच्छता, पोषण और सुरक्षा संबंधी आवश्यक मानकों की विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान रसोइयों को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, साफ वेशभूषा में भोजन तैयार करने तथा किसी प्रकार के संक्रमण होने पर भोजन निर्माण कार्य से दूर रहने की सलाह दी गई। रसोईघर, बर्तनों और भोजन निर्माण स्थल की नियमित सफाई तथा मक्खी-मच्छरों से मुक्त वातावरण बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

हरीफाटक रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में देरी पर एजेंसी पर 5 लाख का जुर्माना

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने शनिवार को निर्माणाधीन हरीफाटक रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) और शहर में चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओवरब्रिज निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने निर्माण एजेंसी पर 5 लाख रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) के अंतर्गत निर्माणाधीन हरीफाटक रेलवे ओवरब्रिज का कार्य निर्धारित गति से नहीं चल रहा है।

इस पर संभागायुक्त ने संबंधित निर्माण एजेंसी रवि इंफ्राविल्ड प्रोजेक्ट लिमिटेड, राजस्थान के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए तथा संसाधन बढ़ाकर समय पर कार्य पूर्ण करने को कहा। संभागायुक्त ने कहा कि हरीफाटक ओवरब्रिज और अन्य निर्माणाधीन पुल सिंहस्थ 2028 तथा श्री महाकालेश्वर मंदिर तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और आम नागरिकों के आवागमन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इसलिए गुणवत्ता के साथ समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित किया जाए।

इस दौरान उन्होंने कंठाल चौराहे से सतीगेट, छोटा सराफा, खड़े हनुमान मंदिर, ढाबा रोड, दानीगेट, जूना सोमवारिया चौराहा और केडीगेट क्षेत्र में चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का भी निरीक्षण किया।

एकादशी पर बेतवा घाट पर श्रद्धालुओं ने किया स्नान

गंजबासौदा। पुरुषोत्तम मास की परमा एकादशी के अवसर पर बेतवा रिपटा घाट पर गुरुवार को श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। तीन वर्ष में एक बार आने वाली इस विशेष एकादशी पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बेतवा नदी में पवित्र स्नान कर पूजा-अर्चना की तथा दान-पुण्य कर पुण्य लाभ अर्जित किया। अल सुबह से ही श्रद्धालुओं का बेतवा घाट पर पहुंचना शुरू हो गया था। सूर्योदय से पहले ही घाटों पर स्नानार्थियों की भीड़ जुट गई। दिनभर घाटों और मंदिरों में धार्मिक गतिविधियां जारी रहीं। बेतवा व्रत पर्वोत्सव समिति के संस्थापक अरविंद अवस्थी ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार पुरुषोत्तम मास की परमा एकादशी पर व्रत, स्नान, पूजा और दान करने से वर्षभर की 24 एकादशियों के व्रत के समान पुण्य फल प्राप्त होता है।

धर्म 3 क्विंटल से अधिक मावे की बर्फी का भोग लगाकर किया वितरण

पुरुषोत्तम मास शिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर पुरुषोत्तम मास शिवरात्रि के पावन अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सुबह भगवान शिव का विशेष अभिषेक किया, इसके अलावा यहां पर स्थित बाबा की पवित्र शिला पर एक लोट जल अर्पित किया। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देश पर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को तीन क्विंटल से अधिक मावे की बर्फी का भोग लगाकर भोजन प्रसादी के साथ वितरण किया। शनिवार को दाल, रोटी, सब्जी के साथ 30 क्विंटल से अधिक खिचड़ी का भोग भी लगाया गया था।

अधिकमास चल रहा है और शनिवार को करीब 60 हजार से अधिक श्रद्धालु शिवरात्रि के पावन अवसर पर धाम पर पहुंचे थे। इस मौके पर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं ने परिसर में स्थित मुरली मनोहर मंदिर में भगवान शिव-माता पार्वती, भगवान राम और सीता के अलावा भगवान श्रीकृष्ण और राधा की प्रतिमा के दर्शन किए। 50 किलो फुल से मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया था। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं ने सुबह आस्था और उत्साह के साथ पूजन-अर्चना की और शाम को भजन कीर्तन का आयोजन किया।

प्रसिद्ध भजन गायक कीर्तिदान गढ़वी भजन संध्या 16 जून को: विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि आगामी 16 जून को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का जन्मोत्सव आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर देश और विदेश में अपनी भजन से श्रद्धालुओं को आकर्षित करने वाले प्रसिद्ध भजन गायक कीर्तिदान गढ़वी के द्वारा रात्रि सात बजे कुबेरेश्वरधाम पर अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे।